पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और संविधान सभा के सदस्य पंडित अलगू राय शास्त्री जयंती पर मऊ को विकास की सौगात

## मऊ बस डिपो का नामकरण पंडित अलगू राय शास्त्री बस स्टेशन के रूप में

## चार करोड़ की लागत से बस स्टैंड परिसर में अतिथि गृह का शिलान्यास

## पंडित अलगू राय शास्त्री की प्रतिमा का अनावरण व सौंदर्यीकरण कार्य का लोकार्पण

## जनभावनाओं के अनुरूप बस स्टेशन का कायाकल्प : श्री ए.के. शर्मा

लखनऊ : 29 जनवरी, 2026

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए.के. शर्मा ने महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं संविधान सभा सदस्य स्वर्गीय पंडित अलगू राय शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर मऊ बस डिपो का नामकरण जनभावनाओं के अनुरूप "पंडित अलगू राय शास्त्री बस स्टेशन" के रूप में किया। इस अवसर पर उन्होंने बस स्टेशन परिसर में लगभग चार करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले अतिथि गृह का शिलान्यास भी किया।

मंत्री श्री शर्मा ने कार्यक्रम के दौरान स्वर्गीय पंडित अलगू राय शास्त्री जी की प्रतिमा का अनावरण करते हुए बस स्टेशन परिसर में विकसित किए गए मिनी पार्क के सौंदर्यीकरण कार्य का भी लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि यह बस स्टेशन अब केवल आवागमन का केंद्र नहीं रहेगा, बल्कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की स्मृति और जनसेवा का प्रतीक बनेगा।

अपने संबोधन में नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि उनके जीवन के लगभग दस वर्ष इस बस स्टेशन से जुड़े रहे हैं, जिसके कारण इसका उनके साथ एक विशेष भावनात्मक लगाव है। उन्होंने कहा कि इसी विशेष लगाव और जनभावनाओं के सम्मान में परिवहन विभाग के सहयोग से इस बस स्टेशन का कायाकल्प किया गया है। उन्होंने इस कार्य के लिए परिवहन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों का आभार भी व्यक्त किया।

मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल नामकरण या निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि आमजन को बेहतर सुविधाएं, स्वच्छ वातावरण और सुव्यवस्थित सार्वजनिक स्थल उपलब्ध कराना है। पंडित अलगू राय शास्त्री बस स्टेशन का विकास इसी सोच का परिणाम है, जो मऊ के समग्र विकास को नई दिशा देगा।

इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण, परिवहन विभाग के अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजन एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

---

सम्पर्क सूत्र– प्रवीण मालवीय

राम यतन /06:40 **PM**